अयोध्या एयरपोर्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रदेश सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य भूमि लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि **अयोध्या एयरपोर्ट प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और जेवर के बाद पाँचवा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट** होगा।
- अयोध्या एयरपोर्ट का **आधिकारिक नाम वर्ष 2021 में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट रखा गया** है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 9 एयरपोर्ट संचालित हैं, जबकि 10 नए एयरपोर्टों के विकास पर काम चल रहा है।
- उपरोक्त एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश में वायु संपर्क का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क हो जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayodhya-airport